Scheduled Tribes, they were in the nature of *obiter dicta.* I understand many State Governments have already stopped observing the principle of promotions in respect of Scheduled' Castes and Scheduled Tribes, which in my view is unjust and illegal. I, therefore, want the Government, of India to come forward with a statement today itself as it is doing in the Lok Sabha. Will the Minister of State for Parliamenary Affairs respond to this? *(Interruptions)*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER Of STATE IN THE MINISTRY OF ROME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, if a statement is going to be made in the Lok Sabha, I will try to persuade the Minister to make it possible to come to this House also. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN; Shri Gurudas Das Gupta.

RE STRIKE OF PILOTS

SHRI GURUDAS DAS GUPTA ("West Bengal); I would like to siy just for one mincite, Sir. The point is this; A persistent demand ha.s been made in this House that the Government should take immediate steps to end the strike of the pilots. Today i have the information coming from Delhi and Calcutta that there was a meeting of the pilots and the pilots had decided that if the Government only withdrew the suspension orders and also took steps to investigate into the situation, they would withdraw the strike. This is a positive development. . . . *(Interruptions)* . . It should be taken up immediately and the Government should rake steps to end the strike.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): मैं एक बात कहना चाहता हूं। अगर आप एक ही मेंबर को सारी बातें उठाने की इजाजत देंगे तो दूसरे मदस्यों का क्या होगा? श्री त्रिवेदी जी कल भी यह मामला उठाना चाहते थे, इसलिये आज इनको मौका मिलना चाहिये था। मैं यह नहीं मानता हूं कि एक ही सदस्य को मौका दिया जाये।

. . . (व्यवधान) . . .

MR. CHAIRMAN: Please (*Interrup tions)* ..

श्री शंकर दयाल सिंह: ऐसी बात नहीं होनी चाहिये। . . . (व्यवधान) . . .

MR. CHAIRMAN: Please listen. If every Member has to raise his views, then the House will not function. (Interruptions) . •.

श्री शंकर दयाल सिंह: केवल एक ही मदस्य को मौका नहीं दिया जाना चाहिये।

MR. CHAIRMAN; If you want the House to carry on its business every Member cannot raise an issue during the Zero Hour. I want to put it to the House; Do you want to go tfn to the business of the House or not? That is the question.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: We are ready to go on to the business.

MR. CHAIRMAN; Please cooperate. Many issues have been raised already. Every Member cannot be allowed to raise an issue if you want the Appropriation Bill and the Constitution (Amendment) Bills are to go on I will now call Shri Shantaram Potdukhe to move the motion for consideration of the Appropriation (No. 5) Bill, 1992.

THE APPROPRIATION (NO. 5) BELL, 1992

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE): Sir, I beg to move:

[Shri Shantaram Potdkhe]

"That the Bill to authorise pay ment and appropriation of cer tain further sum, from and out of the Consolidated Fund of India for the year 1992-93, as pased by the Lok Sabha, be taken into consideration." Sir, the Bill arises out of Supple mentary Appropriation 'charged' on the Consolidated Fund of India and Demands voted by Lok Sabha on 22-12-1992. These involve gross additional expenditure of Rs. 2,624.16 crores.

The additional requirement of Rs 2,624.16 crores comprises Rs. 500 crores for subsidy on indigenous fer tilizers, Rs. 268 crores for technical credits to foreign governments, Rs 200 crores for arrears of cash comp ensatory support .for exports, Rs. 110.15 crores for working capital loans to public sector undertakings, Rs. 53606 crores for transfer to Na tional Renewal Fund and Rs. 587.31 crores for assistance to public sector undertakings for implementation of Voluntary Retirement Schemes and Rs. 224.79 crores for service charges of Internationa' Monetary Fund. etc. The details of Supplementary Dem-mands are available in the Document laid on the Table of the House on 16-12-1992.

The concerned Ministries or Departments have identified matching savings or increased receipts to the extent of Rs. 1,390.79 crores. Thus, there would be a net cash outgo of Rs, 1,233.37 crores. *Th.p (-mention viast wrooosed.*

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : सभापति महोदय, इस समय देश एक ऐसे चौराहे पर खड़ा हुआ है जहां एक ओर प्राकृतिक विपत्तियों का हमने सामना किया और दूसरी ओर मनुष्यों द्वारा इस तरह का संकट देश के सामने उपस्थित किया गया है, जिससे यह देश जूझ रहा है। सभापति जी, इस सदन में अच्छी तरह से इन बातों पर बहस हो चुकी है कि दक्षिण भारत में जब बाढ़ की विभिषिका से बहुत बड़ी बरबादी हुई तो उत्तर भारत में कई सूबों में सूखे और अकाल की स्थिति का भी सामना करना पड़ा है। लेकिन इससे भी जो बड़ा झंझावात इस देश में आया वह मन्दिर और मस्जिद को ले कर आया जिससे प्राचीन समय से हमारे बीच में जो सौहार्द का वातावरण था उस पर कुठाराघात हुआ है। महात्मा गांधी जी ने और देश के अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने बहुत मुश्किल से सौहार्द का वातावरण इस देश में बनाया था और हिन्दू मुस्लिम, सिख और पारसी सबों ने मिल कर के इस देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था तथा इस देश को आजाद कराया था। राष्ट्रीय जागरण और भाईचारे का निर्माण इस देश में हुआ था। लेकिन कुछ ही दिन पहले जब हम इस तरह के झंझावत से जूझ रहे थे, देश में गरीबी पर चर्चाएं हो रही थीं, देश में औद्योगिक और कृषि विकास की चर्चाएं हो रही थीं; उसी समय एक भीषण झंझावत का सामना देश को करना पड़ा, जिसका नतीजा यह हुआ कि कि पूरे देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक अनेक तरह की बातें उठीं जिनका सामना हमें करना पड़ा। इस समय मैं केवल यही कहना चाहूंगा कि जब किसी पेड़ की कोई डाल टूटती है तो आवाज होती है। जब कोई भवन टूटता है तो भी एक खड़खड़ाहट होती है। हाथ से कोई कांच का प्याला छूट जाए या गिर जाए तो उससे भी आवाज होती है लेकिन आदमी का जब दिल टूटता है तो कोई आवाज नहीं होती। इस समय देश के करोड़ों लोगों का दिल टूटा है। उनके अन्दर जो भाईचारे का सिद्धांत था, उस सिद्धांत में किसी न किसी रूप में एक दीवार खड़ी कर दी गई है। ऐसे मौके पर हमारे देश के सामने मंत्री महोदय ने यह विनियोग विधेयक और सप्लीमेंटरी मांगें अनुपूरक मांगें हमारे सामने पेश की हैं। मंत्री महोदय ने जो फिगर्ज हमारे सामने प्रस्तुत की हैं, मैं केवल तीन चार बातों की ओर उनका ध्यान दिलाना चाहूंगा। मंत्री जी, जरा फिर से आप अपनी फिगर्ज की ओर देखें।

श्री पी० शिव शंकर : यह सिर्फ एप्रोप्रियेशन बिल है।

श्री शंकर दयाल सिंह : अच्छा तो एप्रोप्रियेशन बिल है। मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे सामने जो सूची आई थी डंकल प्रस्तावों पर, बहुत सी बातें कही गई थी। मैंने जैसे सुना है, यह हमारे सुनने में आया है कि डंकल प्रस्तावों के संबंध में आप सोच रहे हैं कि सदन के सब माननीय सदस्यों की राय ले रहे हैं कि एक समिति बने और काम करे लेकिन वह समिति पार्लियामेंटरी समिति गठित होगी, विचार करेगी, उसके पहले सरकार को विचार करना चाहिये कि जो आपने आर्थिक नीतियां ...(व्यवधान)

SHRI INDER KUMAR GUJRAL (Bihar); Sir, may I intervene for half a minute. My hon. friend is talking about Dunkel report which I support. The tragedy is that a delegation of the Government of India has already gone to Geneva. They are negotiating finalisation of the Dunkel report. We were given a promise in the Parliament that the issue would be discussed in the Parliament before the delegation went. Not only that^ the Government had also set up Arjun Singh Committee and they had taken evidence from many of us. The Committee never come back to us to tell us or the Government as to what the Government's attitude is. Now the Government is going to commit India to a stand which the Parliament is not aware of. Therefore, I would suggest, if my hon. friend agrees that the Government should be given instructions that not only should the matter go to the Committee as he has suggested but also in the meantime our delegation should not commit itself to anything.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra) ; Can I say something?

MR. CHAIRMAN: Dunkel report *We* are going to discuss later.

श्री शंकर दयाल सिंह : सभापति जी, हम अपने मित्र श्री गुजराल जी के अनुगृहित हैं कि उन्होंने इस में कुछ कहा। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि डंकल प्रस्ताव हमारे समने विचारार्थ आया था, सभी जानते हैं कि 440 पृष्ठों का डंकल प्रस्ताव भारत सरकार के सामने विचारार्थ पड़ा हुआ है। एक बार अगर उस पर हस्ताक्षर हो जाते हैं किसी न किसी रूप में तो फिर यह संसद भी कुछ नहीं कर सकेगी मैं यह मानकर चलता हूं कि डंकल प्रस्तावों को अगर सरकार ने ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया और उस पर गम्भीरता से ध्यान नहीं दिया तो दूसरी बार हम अपने देश को बंधक रख देंगे। उससे छुड़ाना हमारे लिए मुश्किल हो जाएगा। अंग्रेजों को तो हमने भगा दिया और अपने को स्वतंत्र कर दिया लेकिन इन प्रस्तावों से हम अपने आपको बंधन मुक्त नहीं कर सकेंगे। इसलिए कि हमारी आर्थिक नीतियां और औद्योगिक नीतियां दोनों उसके बंधन में चली आती हैं। पिछले दिनों हमने आर्थिक नीतियां बनाई कितनी उदारवादी आर्थिक नीतियां बनाई। हमने विदेशी पूंजीपतियों को आमंत्रित किया, आप्रवासी भारतीयों को हमने आमंत्रित किया लेकिन आप्रवासी भारतीयों के नाम पर जो विदेशी पूंजी निवेश हो रहा है उसकी ओर हमने बहुत ध्यान नहीं दिया है। सभापति जी, अच्छी तरह से जानते हैं हम सभी कि जो टैंडर निकलने हैं सरकारी उपक्रमों के जैसे ओ० एन० जी० सी० का निकला कि शिड्यूल्ड कास्ट या शिड्यूल्ड ट्राइब के लिए या स्वतन्त्रता सेनानियों के लिए यह लिया जाएगा लेकिन उनके नाम पर लेकर बड़े लोग व्यापार करने लगते हैं। आज आप्रवासी भारतीयों के नाम पर जो छूट हमने दी है उसका लाभ बड़े बड़े पूंजी निवेश वाले विदेशी तत्व जो हैं वे ले रहे हैं। वे एंटर करके चाहते हैं कि हम भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दें।

[श्री शंकर दयाल सिंह]

मैं तीन बातों का स्पष्टीकरण चाहता हूं जो आज ही सदन में होना चाहिए और मुख्य रूप से इसलिए होना चाहिए कि आज आखिरी दिन सदन की कार्यवाही हो रही है। पहली बात यह है कि क्या यह बात सही नहीं है कि हमारी जो आर्थिक और कृषि नीतियां आजकल बन रही है वे विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के दबाव से बन रही हैं और जो कुछ उन्होंने शर्तें आपके सामने रखी हैं उनको मानकर आप चल रहे हैं? दूसरी बात, मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या यह बात सही नहीं है कि आपने जो फर्टिलाइजर सब्सिडी को कम किया, किसानों को जो सुविधाएं मिलती थीं उनको जो कम किया उसके अंतर्गत भी आपने विश्व बैंक या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों को मानते हुए ऐसा किया? निश्चित रूप से वे तत्व यह चाहते हैं कि भारत जो एक कृषि प्रधान देश है और आज जो 65 से 67 प्रतिशत लोग हमारे कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं, आज भी भारत चावल, गन्ना, कपास, इन चीजों के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है और आज भी हमारी जो कृषि क्षमता है वह विश्व के सबसे बड़े कृषि प्रधान देशों में सबसे ऊपर जाती है तो उसको हम नीचे की ओर ठेलकर ले जाएं। इसलिए मैं इन बातों को कहने की जुर्रत कर रहा हूं सभापति जी कि हम दो तरह की मार से इस समय जूझ रहे हैं। एक गरीबी की मार से क्योंकि गरीबी की जो सीमा रेखा सरकार ने तय की है उससे ऊपर हम नहीं जा पा रहे हैं और दूसरा मूल्य वृद्धि की मार से। मुद्रा-स्फीति और अन्य सारी बातों की चर्चा में इसमें नहीं करना चाहता हूं लेकिन दो चीजें ऐसी हैं, एक गरीब अपनी गरीबी से बेरोजगारी से और दूसरा गरीब तथा मध्यम वर्ग से लोग सबसे ज्यादा मूल्य वृद्धि से तबाह हो रहे हैं। आखिर इसकी जवाबदेही किसके ऊपर है यह मैं जानना चाहता हूं सरकार से। इसकी जवाबदेही पी०वी० नरसिंह राव लेंगे या इसकी जवाबदेही मनमोहन सिंह जी लेंगे या इसकी जवाबदेही के लिए हम मेजर साहब से जाकर बातचीत करें कि इसकी जवाबदेही आपकी है क्योंकि सरकार का सबसे बड़ा कर्तव्य क्या है, कि वह विश्वास को प्राप्त करते हुए उस जनता के लिए काम करे जिसके प्रतिनिधि के रूप से हम यहां बैठे हैं या सरकार जिसके प्रतिनिधि के रूप में काम करती है। जनता के लिए जनता के द्वारा शासन जो होता है वह जनता पर भार बनकर नहीं चलना है, जनता के कष्ट को दूर करने के लिए वह होता है। इसलिए सरकार को इन बातों की ओर ध्यान देना होगा।

मेरे मित्र गुजराल साहब ने डंकल प्रस्ताव की जो बात उठाई है या मैंने जो विश्व बैंक या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की जो बात की है सबसे बड़ी तबाही यहां के किसानों पर उसकी पड़ी है।

श्री इन्द्र कुमार गुजराल : फर्टिलाइजर पालिसी यहां डिसकस ही नहीं हुई।

श्री शंकर दयाल सिंह : जबकि सभापति जी जानते हैं कि पहले दिन से हमारी कार्य-सूची में उर्वरक मूल्यों और उर्वरक पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विचार करने का प्रस्ताव था, लेकिन आज तक हम उसके ऊपर विचार नहीं कर सके।

आज भी जो आप प्रस्ताव लेकर के आये हैं उर्वरकों के मामले में, पांच सौ करोड़ की सब्सिडी के लिए राशि रखी है। आज जो आपका प्रस्ताव हमारे सामने आ रहा है पांच सौ करोड़ का, लेकिन दूसरी ओर आपने सेवा-निवृत्ति के लिए जो सरकारी उपक्रमों को पैसे आप देने जा रहे हैं, वह लगभग छह सौ करोड़ की राशि है। तो आप एक ओर उनको सेवा निवृत्ति के लिए लगभग छह सौ करोड़ देने जा रहे हैं। अगर वह छह सौ करोड़ रुपये आप इसमें मिला करके, ग्यारह सौ करोड़ रुपया सब्सिडी की राशि में दे दीजिए, तो आज यहां के किसानों का कुछ भला हो जाएगा।

आज आप जो हमारे सामने ला रहे हैं, आज के दिन जो सदन से आप मंजूरी लेने जा रहे हैं, उसमें से साढ़े नौ करोड़ रुपये, लगभग दस करोड़ रुपये आप मंत्रियों के यात्रा भत्ते के लिए और मंत्रियों के खर्च के लिए मांगने जा रहे हैं। मंत्रियों के लिए किसलिए आप दस करोड रुपये की मांग करने जा रहे हैं? आप तीन करोड़ रुपया संसद सदस्यों के लिए नये प्लेट्स के लिए मांगने जा रहे हैं। मैं पूछता हूं कि उसकी अभी क्या जरूरत है?

आपकी जो सब से बड़ी जरूरत है, उस पर पहले आपको ध्यान देना पड़ेगा। इसीलिए मैं सरकार से बड़े अदब के साथ कहना चाहता हूं कि हमारे सामने जो लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किये थे, उन लक्ष्यों से यह भटक रहे हैं और इसीलिए बार-बार इस सदन में इस बात की चर्चा की जा रही है कि सरकार की नीयत अच्छी नहीं है।

इसी क्रम में जो सब से बड़ा उदाहरण हमारे सामने है, वह प्रतिभूत घोटाले का हो रहा है और प्रतिभूत घोटाले के उदाहरण में मैं विस्तार से नहीं जाना चाहता हूं इसलिए कि हमारे मित्र जगेश देसाई और सारे लोग उससे रात-दिन लगे हुए हैं। लेकिन एक बात, सभापतिजी, मैं कहना चाहता हूं जिसको सदन को बहुत गौर के साथ समझना चाहिए। अब तक यह बात मानी जाती थी कि देश के राजनेता और राजनीतिज्ञ बेईमान है, करप्ट है, लेकिन पहली बार इस देश में पूरे तौर से साबित हो गया कि देश का हमारा राजनीतिक भ्रष्ट नहीं है, हमारे व्यवसायी, हमारे अधिकारी, हमारे बड़े-बड़े, ऊंचे उपक्रमों में बैठे हुए जो चेयरमन या दूसरे लोग हैं, वह इस देश को किसी भी रूप में बेचने को तैयार हैं। यही कारण है कि आज चार हजार, पांच हजार का प्रतिभूत घोटाला, जो साबित हो चुका है' इस बात को दिखलाता है कि यहां के व्यवसाइयों ने, यहां के ऊंचे अधिकारियों ने, यहां के बड़े बैंकों ने, यहां के उपक्रमों ने, सब ने मिल कर इस देश को खोखला बना दिया है।

एक ओर आप सब्सिडी की राशि हटा रहे हैं, और दूसरी ओर आप ऐसे लोगों को तरजीह दे रहे हैं।.. (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN; Thirteen aiinu-tes for yuor party and it is over.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: That is finished.

MR. CHAIRMAN; Will you conclude within one or two minutes?

SHRI. SHANKAR DAYAL SINGH: Yes, whhin two minutes. Two minutes, Sir.

जैसा कि मैं आपको अपनी बातें बता रहा था---पहली बार इस बात का सबूत मिला है। मैं केवल तीन-चार बातों की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा।

पहली बात तो यह है कि आपने बाहर से एन.आर.आई. के नाम पर या दूसरे नाम पर अपने औद्योगिक बाजार को खोल दिया है और इस देश का दरवाजा आपने पूरी तरह से खोल दिया है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ऐसा नहीं हो कि बाहर के लोगों के आवागमन को इस तरह खोलने से आपके अंदर का जो तत्व है, वह समाप्त हो जाए।

ऐसा नहीं होना चाहिए कि हमारे औद्योगिक जो थे, औद्योगिक इकाइयां, वह सब की सब सफर करें और बंद हो जायें और केवल बाहर की लगने लगें। इसलिए मैं आपको यह बात कह रहा हूं कि हमारे यहां भेल, एच.इ.सी., एच.एम.टी. और दूसरे जो बड़े-बड़े उपक्रम, कोल इंडिया, सेल के जो उपक्रम हैं, उनको बर्बर स्थिति को देने के लिए आप कुछ मदद नहीं करते हुए, दूसरे

[Shri Shanker Dayal Singh]

लोगों को बुला रहे हैं, जबकि गांधी जी ने बार-बार इस बात पर ध्यान दिया था और जोकि भारत की जनता को सामने रखते हुए और भारत की जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति है, उसको मद्देनजर रखते हुए गांधी जी ने बार-बार कहा था कि यहां छोटी औद्योगिक इकाइयों की जरूरत है, हमें बड़ी इकाइयों की जरूरत नहीं है। जवाहर लाल जी की नीतियां थीं कि हमारे देश में बड़ी इकाई इसलिए होनी चाहिए कि हम अपने पांव पर खड़े हो सकें और यह बात भी सही है। लेकिन ऐसा नहीं हो कि एक ओर तो आप बड़ी इकाइयों को भी बंद कर दीजिए, दूसरी ओर कुटीर उद्योग से ले करके छोटी इकाइयों को भी ध्वस्त कर दीजिए और तीसरे आपके यहां के लोग विकास के लिए तरसते रह जाएं और विकास और समृद्धि के नाम पर बाहर वालों के लिए दरवाजा खोल कर देश की अर्थ व्यवस्था, कृषि व्यवस्था पूरी तौर से चौपट न हो जाए। इसलिए बड़ी ही विनम्रता के साथ अंत में मैं सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि आपकी जो भी आर्थिक कृषिजन्य नीतियां हैं उनको स्पष्ट रूप से इस सदन के सामने आना चाहिए और उसमें कृषि को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसलिए मैं कह रहा हूं कृषि को प्राथमिकता कि हमारा जो लक्ष्य कृषि का इस वर्ष का भी था 177 मिलियन टन का उसमें मैं समझता हूं कि 170 मिलियन ही प्रोडक्शन हुआ यानी 7 मिलियन टन का हमारा कम रहा है और यह सरकार की इस नीति के कारण है।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि देश की स्वायत्तता को और देश की आर्थिक नीति को और अपने देश को वह गिरवी नहीं रखे और सरकार जिन उद्देश्यों को ले करके सामने आना चाहती है उसको स्पष्ट करे। धन्यवाद।

SHRI SANTOSH KUMAR SAHU (ORISS A.) : Mr. Chairman, Sir, at the outset. I stand to support the Appropriation Bill. It aims at providing Rs. 26U0 crores for the supplementary-Demands which can be taken from the Consolidated Fund of India.

Sir, at the beginning, while I want to speak on the Appropriation Bill, my heart throbs at the recent incident and the frenzy of fanaticism and the communal feeling and hatred which is growing in the country I apprehend whether we are going to debast all our political maturity and the plasperity of the country.

Sir while I was coming to this Parliament session, only two days back, I saw the sufferings of thous ands of Oriya people who were wor king in the Surat textile mills. They hid to leave everything at Surat where they were earning their liveli hood. They had to flee from there. They have lost everything, and they have become beggars. They could not bring any of their belongings. They had to leave suddenly in the night. There was nothing in the station, there was nothing to provide for them. Sir, it is this human misery, this untold misery which again reminds me of the partition days. Sir, can we wot. rise to the occasion and feel for the people who are suffering for no fault of theirs? They are poor people who toil hard for earning their livelihood. So, at this juncture, it is high time we thought, of them and rose to the occasion to see that the counry which has been marching towards progress is not. ruined. And we the Members of Parliament and all the politicians have a responsibility to the t country to see that again life dawns in this country rationalism comes to our thinking and we fulfill our constitutional commitment of secularism so that we can march ahead in the path of progress Let us not again think that we will go back to the age of barbarians and religious fanaticsrn when not only there were wars between religion and religion but even there were quarrels between different sects in one religion. And they made the bloody history of the

midd'e ages. Let us think of a modem World, let us think of a modern India where Swami Vivekananda and Mahs'-ma Gandhi preached something for the upliftment of the common people, for the unity of India, India whicl has one of the earliest civilizations in the world, of which we are very proud. Are we going to leave it in a shambles and quarrel among ourselves? Should we not see the suffering of the common people in the comnmunal frenzy? They have become beggars. Have we not any responsibility toward them? So, firstly I urge Upon the Government that they must be sympathetic to the common people who have suffered, doesn't matter to which religion they may belong. I say of the textile workers. Thousands of them fled away from Surat because of the communal frenzy. What is their fault? They were neither involved in the Ayodhya incident nor in anything else. But they have suffered. We have to see these things in the present day world context

My predecessor argued about many of the good points and he talked of the new economic policy of liberalisation. I am of the firm opinion that liberalisation of the economy was not only the urgent need of our country but it was in consonance with the world order today. We have to compete in the world and until we are able to stand in competition in the international order, we will be nowhere. We have to see the future of our industrialisation and our economic pattern. At the same time I also feel that there must be a feeling for the common man. How can the county develop unless we give importance to our agricultural sector? Without the development of agriculture, *we* will be nowhere. Here I would also urge upon the Finance Minister to see that the question of fertilizer subsidy is properly judged by the Ministry so that the poor cultivators are able to get fertilizers. That is the most important ingredient which would help our agriculture to develoN. I say with all the strength at my command that the subsidy which was introduced must benefit the poor pepple. But these benefits do not reach the common agriculturist. It is strange that it is utilised for some other purpose and the poor agriculturist who is toiling hard in the fields, who is the backbone of our economy in the development of agriculture, does not get the benefit. Without development of agriculture, there can be no solution to our economic problems. But the poor man is not getting these benefits. I earnestly urge upon the Government to ensure that the poor cultivator who is toiling hard, must get the benefit. India was able to build up an image for itself due to our green revolution. But all these things have now come to a standstill. Though some States have developed in agriculture, some others, particularly the Eastern States have suffered. We have to go into the genesis of it and see how these States also are able to achieve this development in agriculture.

Coming to another point, there is vast unemployment, particularly among the educated youth. The rise in unemployment among the edu cated youth has created a sense of frustration which is suicidal in the development of our country. What ever be the Government at the Cen tre *or* in the States, they must look into the problem of unemployment. The educated youth of this country have lost their mission; they have become frustrated; they have become angry. We have to see that there develops a social cohesion. For that, we have to plan in such a way that we have job-oriented system of education so that we are able to utilise our educated youth in the constructive work for the nation, without which probably we may fail in our mission and we may not be able to fulfil our objective and we may witness all rowdyism and vio lence and such other activities. Many years ago we thought of connecting" Ganga and Cauvery in one national grid. That scheme could imbide

a

[Shri Santosh Kumar Sahu]

spirit of national feeling among our youth. As in many other countries, some of the voluntary orgaisations could also be involved. We have to create a new horizon without which probably we are losing that kind of national feeling in thE country and we find the youth today frustrated and angry which may create a havoc for the country. I urge upon the Finance Ministry and the Planning Ministry to consider these things as to how a national spirit can be imbibed in our youth and how we can have work-oriented programmes. For that, we may even have to sacrifice some of our projects.

We are fortunate to have a immense wealth of natural resources and raw material, but natural calamities have been visiting us year after year. They have created a havoc in some parts of the country for which we have to make a national programme so that we are able to reduce t*he* impact of these vagaries of nature to the minimum and save our people from suffering. We have to have some national schemes. Such a scheme can ereate a new urge, a new mission and a new spirit among our people. We have to forget the barriers of language, the barriers of region, the barriers of religion and forget many other things. But this type of approach is lacking in our planning.

I come from a village area. We know the conditions of our financial institutions. We have to go into the genesis of the problem to find out how these financial institutions are losing their liquidity. In the rural areas, it is very difficult for the entrepreneurs to get small loans from these institutions. First, was the waiver of the loans; then came the scam and now we find ourselves completely at a dead end. The financial market is so tight. I think we need to have some emergency programmes for the financial institutions so that they are able to help the -Jtmnoijge pradebra 'uara llems 1st who is the worst hit. The small entrepreneur would be the worst hit. Then, how can we think of the youngtr generation rising to the occasion? Therefore, we have to evolve a new system. It is true that some tragedy has befallen us. But the tragedy has to be countered, has to be checked, has to be overcome. We should see that the agriculturists in the villages, the poor people in the villages, the small entrepreneurs, do not suffer. They must get financial assistance. This is very important.

We are now talking of attracting the NRIs. We are talking of the liberalisation of the economy. In this connection I would urgs upon the hon. Finance Ministner and the hon. Prime Minister. I would draw their attention to the fate of a particular project. As you know, for Orissa annd Karnataka, two steel plants were promised long back. A decision in this regard was taken by the Cabinet then. Now, we have this resource crunch. This project has remained on paper for decades. Why don't we make use of the liberalisation policy for this purpose? We can give customs duty concessions in regard to equipment and materials Drought into our country. We can give such facilities so that we would be able to attract foreign col-col-laration for this project. It could be a joint venture *between* the Government of India and the other. This would help our youth getting employment. This is very important. Otherwise, the number of unemployed youth would further increase. In the end, the youth of our country would become totally frustrated. Only when we create new employment opportunities, prosperity can come to our people, to the country. We have to give importance to these small but important things.

In this Appropriation Bill, I find that money has been asked for towards subsidy on fertiliser, I would

urge upon the Government to appoint a committee, to see that the subsidy given by the Government does not go to others, but reaches the common cultivator, the poor farmer, the poor agriculturist, in the village, for whom it is meant. Otherwise, the large amount of subsidy we are giving. along with the dual pricing policy, would not be of any help to them.

In this connection, I would bring tO the attention of the Government the difficulties of the farmers in my State. I belong to Orissa which, as you know, is a backward State. The quantity of fertiliser pro mised by the fertiliser department has not reached our people till date. We have written many letters. I do not know what is the policy. The Government must see that the agriculturists do not suffer, under any cir cumstances.

I would also take this opportunity to appeal to the leaders of all the political parties. We must think of a new national order. We must think of new ideas. We must forget the communal frenzy. We must forget religious wars. We must abide by our Constitution. We must think of building a hew, modern, India. Sir, India has achieved many things in the last forty-five years. We are the eighth industrial nation in the world. We are the third in terms of scientific and technical personnel But what we are lacking is the combining force. We need the combining force of unity. We have to strengthen it

We must forget our caste, communal and other differences. How long can we go on like this? Sometimes, We must forget these things. The national goals must be given the highest priority. Political considerations should be left behind. It is high time that all of us put our heads together. The Government should seek the co-operation of like-minded people so that we can build a modern. prosperous, India. We should keep the communal frenzy in check. We should rise above communal and caste considerations. Then only we can go ahead. Otherwise, these things would destroy us. The whole national fabric would be destroyed because of this.

As I said, when we are thinking of liberalisation, we must also think of gricultural development. We must also think of the development of small-scale industries. We should not forget what Mahatma Gandhi said. We should not forget the thousands of people living in the villages, un derfed, underemployed, below the poverty line and without much economic support. We should try to develop the small scale in dustries. The Khadi Board has to play a vital role. Then there is the cottage industry. These are the mass employment-originating sectors. They must give all the facilities. Probably we have forgotten all these things. We have started thinking of liberalisation and other things, but we do not see what is happening in other countries. There is recession. America is under recession. Probably, the conditions leading to unemploy ment there have created problems for their society. So, we have to take stock of the things happening in our own country. We must see how new employment opportunities can be generated not only for the village people but also for the educated youth. There are young people who are unemployed even after getting technical education. They are not getting jobs. So, you must create new employment opportunities through different new type of industries. You must coordinate and have new financial schemes.

With these few words I would like to support this Appropriation Bill. We have no alternative but to see that the Consolidated Fund takes into consideration all these things. You should create conditons which will give new hopes. You have to take up all these issues to build a new India.

श्री रामबास अग्रवाल (राजस्थान) : अध्यक्ष महोदय, अयोध्या कांड के बाद हर बार समाचार-पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि सरकार और प्रधान मंत्री आहत हैं, घायल हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह अधमरी सरकार अब विनियोग विधेयक किस के लिए रख रही है क्योंकि जिस सरकार में लोग आहत हैं घायल हैं, मानसिक संतुलन नहीं हैं, उनको इस प्रकार के विनियोग विधेयक लाने का अधिकार नहीं है और यह सरकार भी अब कितने दिन चलेगी, इसका भी कोई भरोसा नहीं है? तो

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

इस हालत में इस विनियोग विधेयक पर संसद में विचार करना चाहिए कि वापिस भेज दिया जाए? इसका कोई अर्थ नहीं है।

महोदया, मैं एक बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारी वर्तमान केंद्रीय सरकार ने आर्थिक नीतियों में बड़ा भारी परिवर्तन किया था और यह कहा था कि वे बड़ी लम्बी उड़ानें भरने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। समाजवादी घुटन से उन्होंने मुक्ति पाई, देश को भी मुक्ति दी और हमने, भारतीय जनता पार्टी ने, उनके कुछ विचारों का समर्थन किया आर्थिक दृष्टि से। लेकिन, महोदया, मैं जानना चाहता हूं कि अब यह विनियोग विधेयक सरकार ने रखा है तो आज उनको एक बात का स्पष्टीकरण इस देश को देना होगा और वह बड़ा महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण होना चाहिए कि इस सरकार ने जो आर्थिक नीतियां रखी हैं, वे कांग्रेस पार्टी की अपनी नीतियां तो नहीं थीं, उनको कुछ दलों का समर्थन प्राप्त था। ... (**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : आपका।

श्री रामदास अग्रवाल : कुछ दलों का मैं कह रहा हूं। मैं पहले बोल चुका हूं कि हमने उनकी कुछ नीतियों का समर्थन किया था लेकिन अब इस सरकार के पास अपने आपको बचाने के लिए, आज भी प्रधान मंत्री जी का वक्तव्य अखबारों में पढ़ने को मिला, कल जो उन्होंने अपनी पार्टी के संसद् सदस्यों को दिया, उन्होंने कहा है कि हमें वामपंथी दलों का सहारा चाहिए। महोदया, मैं यह जानना चाहता हूं कि यह सरकार की नीति, जो खुलेपन की नीति है, क्या इसका वामपंथी दलों ने समर्थन किया है या वह नीतियों में परिवर्तन करने जा रहे हैं? यह बात आज अंतर्राष्ट्रीय जगत जानना चाहेगा। (**व्यवधान**) जरा शांति रखें क्योंकि अभी तो आपके बहुत सारे काम और बातें सामने आने वाली हैं।... (**व्यवधान**)

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : कांग्रेस को किसी का सहारा नहीं चाहिए, उसको सहयोग चाहिए।

श्री रामदास अग्रवाल : मैं अपने शब्द नहीं बोल रहा हूं, प्रधान मंत्री महोदय के शब्द कह रहा हूं, जो उन्होंने कल कहे हैं आपकी संसदीय पार्टी में। महोदया, आज हम लोग यह कहने जा रहे थे, दुनियां के लोगों को इन्वाइट कर रहे हैं कि हमने अपनी उन्मुक्त आर्थिक व्यवस्था की रचना की है। लेकिन जिस सरकार ने उन्मुक्त आर्थिक रचना की व्यवस्था की, आज वह सरकार लड़खड़ा रही है। आज उसको अपने ही कदमों पर शक हो रहा है। तो ऐसी हालत में उन्हें दुनियां को यह बताना पड़ेगा, इस संसद को बताना पड़ेगा कि उनके सहयोगी जो आज उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आपको बचाने के लिए चल रहे हैं, केंद्र सरकार को बचा रहे हैं, कांग्रेस की सरकार को बचा रहे हैं वे क्या उन नीतियों का समर्थन कर रहे हैं? अगर कर रहे हैं तो हमारे वामपंथी दल या बाकी के लोग जो उनका समर्थन करते हैं तो वह छाती ठोककर खड़े होकर कहें कि—हां, हमने कांग्रेस को बचाया है और उसकी आर्थिक नीतियों का भी समर्थन करते हैं। उन्हें यह कहना चाहिए। हमने कहा था। आप सरकार में थे, हम विपक्ष में थे लेकिन हमने उन्मुक्त नीतियों का समर्थन

किया था और हमने खुले तौर पर किया था । कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि हम सरकार के साथ मिले हुए हैं । क्या मैं आज यह आरोप लगा सकता हूं कि बामपंथी दल आज अपने स्वार्थों के कारण कांग्रेस के साथ मिल गए हैं और फिर कहते हैं कि वे आर्थिक नीतियों का समर्थन नहीं करते । आज अगर वह यह कहना चाहे तो कहें कि आर्थिक नीतियों का समर्थन करते हैं, कांग्रेस के समर्थन में मुझे कोई आपत्ति नहीं है । लेकिन उनको कहना चाहिए, खुले तौर पर कहना चाहिए । यह दगा नहीं चलेगा देश के साथ, यह दोमुंही बात देश के साथ नहीं चल सकती । कम्युनिस्टों ने हमेशा दोमुंही बात की है और जब आवश्यकता पड़ी इस देश की राजनीति को तो विपक्ष की राजनीति को धोखा दिया है । महोदया, इसलिए, मैं कहना चाहता हूं कि उनको भी यह बात कहनी चाहिए . . . (व्यवधान)

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHA-JI RAO SHINDE (Maharashra). I am on a point of order.

उपसभापति . पोइंट आफ आर्डर, बोलिए, क्या पोइंट आफ आर्डर है ।

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE; Whether the discussion going on is on an Appropriation Bill or a political Bill, that should be explained.

SHRI KAMAL MORARKA (RAJ-ASTHAN); Under the Appropriation Bill we can discuss anything.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Under the Appropriation Bill you can speak on appropriation and you can also speak on misappropriation!

श्री रामदास अग्रवाल : महोदया, मैं केवल आर्थिक नीतियों की चर्चा कर रहा हूं इसलिए आप चिंतित न हों । मैं अयोध्या की चर्चा नहीं करूंगा । लेकिन आर्थिक नीतियों में जो एक मूलभूत बात है उसकी अगर हम चर्चा नहीं करेंगे तो इसका महत्व कम हो जाएगा । इसलिए मैंने यह विषय छेड़ा है कि मंत्री महोदय और बामपंथी दल यह स्पष्ट घोषणा करें कि वह भी उनकी आर्थिक नीतियों का समर्थन करते हैं । यही मेरा एक पोइंट है और इसके अलावा इस मामले में मेरा कोई दूसरा पोइंट नहीं है ।

प्रो० सौरीन भट्टाचार्य (पश्चिमी बंगाल) : . . . (व्यवधान) क्योंकि प्रधान मंत्री की ओर से बोला जाएगा । अब बामपंथी का जो प्रोग्राम है वही मान लेते हैं ।

श्री रामदास अग्रवाल : आप अपनी कांग्रेस से मनवाइए अपने प्रोग्राम, हमको इसमें कोई आपत्ति नहीं है । अगर वह मानें तो बहुत अच्छी बात है । उन्मुक्त आर्थिक रचना के विचार को छोड़दें अगर कांग्रेस के लोग छोड़ना चाहें तो ।

महोदया, मैं एक दूसरे विषय की ओर आना चाहता हूं । यह एप्रोप्रिएशन बिल तो आया है लेकिन मिस-एप्रोप्रिएशन का कोई हिसाब नहीं आया है । अभी तक इन्होंने . . . (व्यवधान)

श्री विठ्ठल राव माधवराव जाधव : . . . (व्यवधान) आपने कर दिया पूरा । . . . (व्यवधान)

श्री रामदास अग्रवाल : मैं तो अभी आपके आर्थिक रचनाओं के मिस-एप्रोप्रि-एशन की बात कर रहा हूं, श्रीमान, देश की छोड़ दीजिए आप । अभी तो आर्थिक रचना पर विचार कर रहे हैं ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : आपको तो राम ही बचाए ।

श्री रामदास अग्रवाल : हम को तो राम ही बचाएगा, आपको रावण थोड़ी बचाने आएगा ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : अगर राम के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं . . (व्यवधान)

श्री रामदास अग्रवाल : आप अगर राम और रावण की चर्चा करना चाहते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, स्वागत है आपका । मैं उसके लिए तैयार हूं ।

महोदया, इस सरकार के समय में जो मिस-एप्रोप्रिएशन हुए हैं, उनके उदाहरण दुनिया में देखने को नहीं मिलते। इस सरकार के हमारे महानुभाव अपना यह विनियोग विधेयक तो लाए हैं लेकिन सरकारी उद्योगों के शेयर्स के बेचने में जो घोटाला हुआ है, उसके बारे में वे कुछ कह सकते थे । इस देश की जनता को उसके बारे में उन्हें जवाब देना चाहिए कि आखिर, हजारों-करोड़ों रुपये के शेयर्स आपने बेचे हैं, उसमें कितना घोटाला हुआ, कितना गड़बड़ हुआ, कितना भ्रष्टाचार हुआ, कितने लोगों ने अपने घर भरे, इसकी कुछ जानकारी तो दें, आखिर, इस देश में यह सब कैसे चलेगा अगर सरकारी उद्योगों की सम्पत्ति को बेचा जा रहा है तो उनको कम कीमत पर बेचा जा रहा है, उसका आकलन कम किया जा रहा है, उसका मार्केट रेट कम लग रहा है। यह सब क्या हो रहा है इस देश के अंदर ? आखिर, यह देश इस बात को जानना चाहता है ? हमारे कांग्रेस के भाई, नेतागण अगर यहां समझते हैं कि इस देश के लोगों को गुमराह किया जाता है तो मैं समझता हूं कि वे बहुत बड़ी गलती पर हैं ; वे केवल यह कहकर नहीं बच सकते कि है बैंक स्कैम तो पड़ा है—जे० पी०सी० में और सरकारी उद्योगों के शेयर्स बेचने में जो गड़बड़ी हुई है उसके बारे में वह जांच कर रहे हैं । यह जांच कब तक चलती रहेगी ?

आखिर इन उद्योगों के अंदर लगी हुई संपत्ति हमारे देश के लोगों की संपत्ति थी और उस संपत्ति के बारे में जानने का हमें पूरा अधिकार है । मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि वह कम से कम इस बात की जानकारी दे इस सदन को कि जितने शेयर बेचे गए उनमें किस प्रकार के कितने घोटाले किन-किन लोगों ने किए और शेयर्स बेचने में गड़बड़ियां क्या-क्या हुई । उस बारे में इस सदन को जानकारी देकर अवगत करें ।

महोदया, मैं एक दूसरा सवाल और उठाना चाहता हूं । वर्तमान सरकार में बैठे हुए जो महानुभाव हैं वे पानी पीकर बार-बार यह कहा करते थे कि वे गरीबों के मसीहा हैं, वे बेरोजगारों को रोजगार देना चाहते हैं, वे किसानों को और सस्ती दरों पर सब चीजें उपलब्ध कराना चाहते हैं । वे किसानों के मसीहा थे, वे उद्योगपतियों के मसीहा थे, वे बेरोजगारों के मसीहा थे, गरीबों के मसीहा थे लेकिन आज इनका चेहरा उजागर हो गया है । आज इनके चेहरे पर से नकाब उठ गई है । ये लोग आज गरीबों के प्रति उदासीन हैं । आज एन० आर० आई० की चिंता सरकार कर रही है, आज मल्टी नेशनल कंपनीज की चिंता यह सरकार कर रही है लेकिन इस सरकार को अपने गरीब किसानों की कोई चिंता नहीं है जिनकी सब्सिडी विदड्रा कर ली गई । किसान को जो सब्सिडी दी गई थी वह वापस लेकर उस किसान को सबसे ज्यादा संकट में इस कांग्रेस सरकार ने डाला है ।

महोदया, आज का किसान प्रताड़ित अनुभव करता है । वह अपनी उपज को अधिक दाम पर बेच नहीं पाएगा, उसकी कास्ट बढ़ जाएगी । ऐसी स्थिति में वह किस प्रकार से अपना जीवन-यापन कर सकेगा यह महत्वपूर्ण सवाल हमारे सामने खड़ा है । महोदया, किसान को जो सब्सिडी पहले दी जाती थी वह बहाल की जानी चाहिए और किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध कराने के लिए आने वाले सीजन में पूरी तरह से मदद दी जाए । यह मेरी सरकार से मांग है और मैं यह चाहता हूं कि सरकार किसानों को सब तरफ से मदद करने के लिए तैयार खड़ी हो ।

महोदया, एक विषय और मैं आपके सामने लाना चाहता हूं । आपको याद होगा, मैंने पहले भी कई बार संसद में यह बात कही थी कि बैंकों ने जो छोटे-

छोटे उद्योगपतियों को, छोटे-छोटे कारखाने के लोगों को, छोटे-छोटे निर्यातार्थों को सब प्रकार की जो सुविधायें पहले दे रखी थीं, वह उन्होंने बंद कर दी हैं । आजकल अगर कोई आदमी बैंक गारंटी मांगने जाता है तो उससे कहा जाता है कि पूरा रुपया जमा कराओ तब बैंक गारंटी दी जाएगी । उसको अगर लैटरआफ क्रेडिट खोलना है तो उसको पूरा रुपया जमा कराना पड़ेगा । उद्योग-धंधा लगाना है तो 80 परसेंट की सिक्योरिटी और देनी पड़ेगी ऐडीशनल, तब जाकर वह उद्योग लगा सकता है । अर्थात् अगर उसके पास सौ परसेंट पैसा हो तो वह उद्योग लगा सकता है । इस प्रकार की परिस्थिति हमारी सरकार के बजट के बाद हो गई है । सारे बैंकों ने इन छोटे-छोटे उद्योग-पतियों और छोटे-छोटे लोगों के प्रति इस प्रकार का दुर्भावनापूर्ण व्यवहार शुरू कर दिया है जिसके कारण ऐसा लगता है कि छोटे उद्योग एकदम समाप्त हो जाएंगे । इनका अस्तित्व भी रहना मुश्किल हो जाएगा । इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि यह जो छोटे-छोटे लोगों को गारंटी खोलने के लिए भी बैंकों में दौड़ना पड़ता है और कैश देना पड़ता है, यह स्थिति वास्तविक है । सरकार को इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए । मेरी सरकार से मांग है आखिर यह कदम क्यों नहीं उठाती इन छोटे उद्योगों को संरक्षण देने के लिए ?

